NOTES (TERM-2)

CLASS : 5 SUBJECT: HINDI

Prepared By: PUJA JAISWAL LESSON- 14, मुहावरे और लोकोक्तियाँ

मुहावरे–

शब्दों का ऐसा समूह जो साधारण अर्थ ना देकर कोई विशेष अर्थ दे, वे मुहावरे कहलाते हैं।

या

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं , जिनके प्रयोग से साधारण अर्थ विशेष अर्थ में बदल जाता है |

उदहारण -

१) **अँगूठा दिखाना –** किसी काम के लिए मना करना |

कुछ लोग काम पड़ने पर अँगूठा दिखा देते है |

२) **कमर कसना** – तैयार रहना

परीक्षा पास आते ही रमा ने पढाई के लिए कमर कस ली |

३) **कान भरना** – चुगली करना

विशाल को कान भरने की बुरी आदत है |

लोकोक्तियाँ – लोकोक्ति का अर्थ है – लोक की उक्ति अर्थात लोगों द्वारा कही गई बात | इसमे लौकिक जीवन का सत्य एवं अनुभव समाया होता है , ये स्वयं में एक पूर्ण वाक्य होती है ; जैसे – **अधजल गगरी छलकत जाए –** कम जानकार द्वारा अपने गुणों का बखान करना **|**

१) **अंधा चाहे दो आँखे –** जिसके पास जो चीज नही है वह उसे मिल जाना

आयुश को एक घर की चाह थी वह उसे मिल गया, ठीक हि तो है – अंधा चाहे दो आँखे **|**

२) **दूध का दूध पानी का पानी** – उचित न्याय करना |

बीरबल ने गरीब किसान को न्याय दिलाकर दूध का दूध पानी का पानी कर दिया |

३) **जैसी करनी वैसी भरनी -** कार्य के हिसाब से फल मिलना **|**

नेहा ने पूरे साल खेलकूद में बिता दिए इसलिए परीक्षा में उसके अच्छे अंक नहीं आए | इसे कहते हैं – जैसी करनी वैसी भरनी |